लकड़ी के बुरादे की बीच ट्रक में छिपा रखी 566 पेटी अवैध शराब बरामद

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। पुलिस से बचने के लिए शराब तस्कर नए-नए तरीके निकालते रहते हैं। पालम विहार थाना पुलिस ने कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे मंगलवार की रात गांव साफा के पास से राजस्थान नंबर के ट्रक से 566 पेटी अवैध शराब बरामद की है। ट्रक में शराब की पेटी बीच में रखी थी पीछे और अगल-बगल लकड़ी का बुरादा 347 कट्टे में भरा हुआ था। बिल्टी (गुड्स रिसीव नोट) में भी बुरादा ही दर्ज था। अवैध शराब पंजाब के लुधियाना से राजस्थान ले जाई जा रही थी। पुलिस ने ट्रक के चालक तथा सहचालक को गिरफ्तार कर दिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। सबइंस्पेक्टर विनय अपनी टीम के साथ रात में केएमपी पर संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच कर रहे थे। आर जे 32 जीए-6318 नंबर का ट्रक पहुंचा। पुलिस टीम को देखते ही ट्रक चालक ने करीब 80 मीटर पहले वाहन रोक दिया और चालक राजेंद्र तथा सह चालक ने भागने का प्रयास किया मगर पुलिस कर्मियों ने दोनों को दबोच लिया। पानीपत जिले के गांव मतलोडा के रहने वाले राजेंद्र के साथ लुधियाना के गांव लोहड़बटी के रहने वाला सहचालक मोहर सिंह था। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह बुरादा लेकर अलवर जा रहे हैं। पुलिस कर्मियों ने जब बुरादे के कट्टों को हटवाया तो बीच में 566 पेटी शराब की मिली। शराब के लिए दोनों के पास आबकारी विभाग का लाइसेंस पत्र नहीं था। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर पटौदी थाने लाई और मामला दर्ज कर आरोपितों को पुलिस को सौंप दिया। बता दें कि पंद्रह दिन पहले ऐसे ही एक ट्रक से अवैध शराब की पेटी बरामद की गई थी, जिन्हें सब्जी के टोकरों के बीच में रखा गया था।

प्रिंस हत्याकांड मामले में एक दिसंबर को होगी बहस, सीबीआई ने सेशन कोर्ट के सामने रखा अपना पक्ष

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। बहुचर्चित प्रिंस हत्याकांड मामले में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड) के फैसले के विरुद्ध बचाव पक्ष द्वारा सेशन कोर्ट में दी गई अर्जी को लेकर सीबीआइ ने अपना पक्ष बुधवार को रख दिया। पीड़ित पक्ष भी इस सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रख देगा। मामले में बहस को लेकर सेशन कोर्ट ने एक दिसंबर की तिथि निर्धारित कर दी है। बचाव पक्ष ने जेजे बोर्ड के फैसले को गलत ठहराते हुए कहा है कि आरोपित को नाबालिग ही माना जाना चाहिए था। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता सुशील टेकरीवाल का कहना है कि सीबीआइ ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आरोपित को बालिग ही माना जाए। वारदात के समय वह मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ था। साथ ही वारदात को अंजाम देने के लिए शारीरिक रूप से पूरी तरह सक्षम था। पीड़ित पक्ष की ओर से भी इस तरह का जवाब दाखिल किया जाएगा। जवाब दो से तीन दिनों के भीतर दाखिल कर दिया जाएगा ताकि एक दिसंबर को मामले में बहस हो जाए। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड का फैसला पूरी तरह सही है। पिछले महीने 17 अक्टूबर को जेजे बोर्ड ने फैसला सुनाते हुए आरोपित भोलू को बालिग करार दे दे दिया था। बता दें कि आठ सितंबर 2017 को सोहना रोड स्थित एक नामी स्कूल के बाथरूम में सात वर्षीय प्रिंस (अदालत द्वारा दिया गया नाम) की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। आरोपित भोलू (अदालत द्वारा दिया गया नाम) है। वह उस समय स्कूल के ही 11वीं कक्षा का छात्र था। फिलहाल अंतरिम जमानत पर है। स्कूल को बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित जगह माना जाता है, उसी जगह पर एक मासूम की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इससे जघन्य अपराध क्या हो सकता है। आरोपित ने सुनियोजित साजिश के तहत जघन्य अपराध को अंजाम दिया था।

सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में कंपनी के डायरेक्टर सहित तीन पर केस दर्ज

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। एक कंपनी के डायरेक्टर, उनकी पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, बदसलूकी करने और साक्ष्य मिटाने के आरोप में ईडी के एक अधिकारी ने सेक्टर-39 कोतवाली में केस दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। मनी लांड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम सेक्टर-44 में एक कंपनी के डायरेक्टर के घर पर छापेमारी कर रही थी। ईडी की टीम मनी लांड्रिंग सहित अन्य मामलों की जांच कर रही थी। इस मामले की जांच के घेरे में शहर की कई कंपनियां भी थीं। वारंट के तहत बीते 18 नवंबर को जब टीम संबंधित कंपनी के डायरेक्टर फाइनेंस हरमनदीप सिंह कन्धारी के ठिकाने पर पहुंची तो दरवाजे पर खड़ी उनकी पत्नी स्काची डे ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जांच में डायरेक्टर,उनकी पत्नी और घरेलू सहायक कमल थापा ने सहयोग नहीं किया। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर मनीष नौडियाल ने बताया कि हरमनदीप सिंह कन्धारी, उनकी पत्नी सहित कुल तीन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और साक्ष्य को मिटाने या छिपाने का भी प्रयास किया। टीम ने जब दोनों से इलेक्ट्रानिक गैजेट की मांग की तो दोनों ने बताया कि मोबाइल खो गई है। हालांकि सर्विलांस के जरिये दोनों मोबाइल की लोकेशन घर के पास एक ही जगह होने की बात कही जा रही है। मोबाइल में मामले से जुड़ी अहम जानकारी होने की बात कही जा रही है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। टीम 18 नवंबर को जब कन्धारी के घर सी-193 पर पहुंची तो स्काची डे गेट के बाहर की खड़ी थी। टीम को देखते ही वह अंदर चली गईं और करीब चार से पांच मिनट तक दरवाजा नहीं खोला। इस दौरान बार-बार टीम दस्तावेज दिखाते हुए गेट खोलने की बात कहती रही। पांच मिनट बाद डायरेक्टर और उनकी पत्नी और घरेलू सहायक टेरिस पर पहुंचे और टीम के कहने पर नीचे आए। इस दौरान अंदर कुछ संदिग्ध गतिविधियां हुईं।

श्रीराम फाइनेंशियल वेंचर्स श्रीराम समूह की होल्डिंग कंपनी होगी

नयी दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। श्रीराम समूह की होल्डिंग कंपनी श्रीराम कैपिटल और श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस का जल्द श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस में विलय किया जाएगा। समूह की तरफ से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इसी के साथ श्रीराम फाइनेंशियल वेंचर्स (चेन्नई) प्राइवेट लिमिटेड (एसएफवीपीएल) अब समूह की वित्तीय सेवाओं और बीमा व्यवसायों की प्रवर्तक और होल्डिंग कंपनी बन जाएगी। एसएफवीपीएल का स्वामित्व श्रीराम ओनरशिप ट्रस्ट (एसओटी) और दक्षिण अफ्रीका के सनलाम ग्रुप के पास है। यह विलय वित्तीय सेवा क्षेत्र में नए व्यावसायिक अवसरों की तलाश जारी रखते हुए समूह में निवेश करने वाली अपनी प्रत्येक कंपनी को विस्तार और विकास करने में मदद करेगा। एसओटी के प्रबंध न्यासी और एससीएल के प्रबंध निदेशक डीवी रवि एसएफवीपीएल के वाइस-चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होंगे। वहीं, श्रीराम कैपिटल की मुख्य वित्त अधिकारी सुभाश्री श्रीराम और नोवाक टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस के निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन एस नंदा किशोर संयुक्त प्रबंध निदेशक होंगे।

सत्यम घोटाला चार्टर्ड अकाउंटेंट की विफलता थी: पारेख

नयी दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)।एचडीएफसी के चेयरमैन दीपक पारेख ने बुधवार को कहा कि सत्यम घोटाला वास्तव में चार्टर्ड अकाउंटेन्ट की विफलता थी जो बही-खाते में हो रही गड़बड़ी को पकड़ने में नाकाम रहे। उद्योग मंडल सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भाग लेते हुए पारेख ने कहा कि सत्यम कंप्यूटर सर्विसेज के सभी स्वतंत्र निदेशक कंपनी के संस्थापक बी रामलिंग राजू के रबड़ स्टाम्प के रूप में काम कर रहे थे।

न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

दिल्ली और हरियाणा में अगले हफ्ते शुरू हो सकती है ठिठुरन भरी ठंड

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। दिल्ली-एनसीआर समेत समूचे उत्तर भारत में ठंड ठीकठाक अंदाज में शुरू हो चुकी है। बृहस्पतिवार को भी सुबह लोगों ने ठीकठाक ठंड महसूस की। इस दौरान चल रही ठंडी हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आ सकती है। इस बीच आगामी 15 दिनों के दौरान दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा समेत समूचे उत्तर भारत में ठिठुरन भरी ठंड शुरू होने का पूर्वानुमान जताया गया है।

मौसम विभाग ने बताया के मुताबिक, पूरे सप्ताह न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास तो अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इसके बाद अगले सप्ताह 29 नवंबर तक अधिकतम तापमान 26 से 27 डिग्री तक रहने के आसार हैं। कुलमिलाकर आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री तक बना रहेगा। स्काईमेट के अनुसार अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में और अधिक गिरावट आ सकती है। पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाएं राजधानी में गिरते तापमान की वजह है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार सुबह और शाम नए रिकार्ड बनेंगे। अब तक नवंबर के 23 दिनों में छह दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। इससे पूर्व 2020 में पूरे नवंबर के दौरान महज छह दिन और 2017 के दौरान आठ दिन तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया था। आने वाले दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट आने की संभावना व्यक्त की गई है।

इससे पहले बुधवार की सुबह इस सीजन की सबसे सर्द सुबह दर्ज की गई। इस दौरान न्यूनतम तापमान सिर्फ आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सर्दी बढ़ने का दौर लगातार जारी रहेगा। इस बीच मौसम विभाग के मुताबिक, ठिठुरन भरी सर्दी के लिए दिसंबर के प्रथम सप्ताह का इंतजार करना होगा। न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है। हवा में नमी का स्तर 29 से 90 प्रतिशत रहा। बृहस्पतिवार को भी कमोबेश ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार हैं।

सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद नहीं करते लोग, संवेदनहीनता बन रही मौत की वजह

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र में संवेदनहीनता लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है।आलम यह है कि दुर्घटना होने पर घायल सड़क पर तड़पते रहते हैं और लोग वीडियो बनाते रहते हैं। यहां तक कि एंबुलेंस और पुलिस को भी फोन नहीं करते, इसके लिए भी पास में खड़े दूसरे व्यक्ति से कहते हैं। जबकि घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाना बहुत जरूरी है। भारत सरकार के ला कमीशन के अनुसार गंभीर रूप से घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने से 50 प्रतिशत मौत को कम किया जा सकता है। बता दें कि ऐसी घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं जब घायल को काफी देर तक किसी ने मदद नहीं की और वह सड़क पर तड़पता रहा। यहां बता रहे हैं कुछ लोगों की कहानी, जो शहर के संवेदनहीन होने की ओर इशारा करती हैं। विजय सिंह वैशाली में रहते हैं, गत 10 जनवरी को कनाट प्लेस स्थित कार्यालय से ड्यूटी समाप्त कर रात 11 बजे विकास मार्ग पर प्रीत विहार के पास घर जा रहे थे, अचानक कुत्ते लड़ते हुए सामने से सड़क पर आ गए। उन्होंने अचानक तेज ब्रेक लगाया तो मोटरसाइकिल पूरी तरह से घूम गई। वह सड़क पर गिर गए और राउंड लगाते हुए दूर जा गिरे। विजय ने बताया कि उनकी किसी ने मदद नहीं की और वे काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे।

दिल्ली के प्रदूषण स्तर में हुआ सुधार, 200 के नीचे पहुंचा एक्यूआई; लोगों ने ली चैन की सांस

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। पराली का धुआं कम होने और हवा चलने से दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार कम हो रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को सिस्टम आफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के मुताबिक एक्यूआई 173 दर्ज किया गया। वहीं, बुधवार को एक्यूआई 200 के पार था। एक्यूआई 173 दर्ज होना बताता है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर अब च्खराबज से च्सामान्यज श्रेणी में आ गया है।

हवा साफ होते ही सुबह की सैर पर निकले लोग : बता दें कि हर साल सर्दी के साथ-साथ दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता है। लेकिन इस साल दिल्ली की हवा कुछ हद तक कम प्रदूषित है। वायु प्रदूषण में कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में लोग गुलाबी ठंड में सड़कों पर घूमते और सैर करते नजर आए। प्रदूषित हवा के बीच ऐसा दृष्य राजधानी में दिखाई नहीं देता था। लोगों को दूषित हवा के कारण आखों में जलन और गले में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

24 घंटो में मिली राहत : गुरुवार सुबह एक्यूआई में जरूर सुधार हुआ है, लेकिन बुधवार को दिल्ली में प्रदूषण खराब स्थिति में ही था। आनंद विहार और बुराड़ी क्रासिंग ही ऐसे दो इलाके रहे, जहां प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी (300 से ऊपर) रहा। अन्यथा सभी जगहों का एक्यूआई 300 से नीचे दर्ज किया गया। एनसीआर के अन्य शहरों का एक्यूआई भी अपेक्षाकृत कम रहा।

पराली के धुएं की हिस्सेदारी महज तीन प्रतिशत: बता दें कि गाजियाबाद, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई तो 200 से भी नीचे यानी सामान्य श्रेणी में रिकार्ड हुआ था। सफर इंडिया के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में सतही हवा 10 से 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। इसी के चलते प्रदूषण में कमी देखने को मिल रही है। दूसरी तरफ ऊपरी सतह पर बहने वाली हवा से भी पराली का धुआं ज्यादा नहीं आ रहा। बुधवार को दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी महज तीन प्रतिशत रिकार्ड की गई।

एक्ट्रेस जैक्लिन फर्नांडीज पर आरोपों को लेकर दिल्ली की कोर्ट में 12 दिसंबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली,24 नवम्बर (ए)। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में आई बॉलीवुड की अभिनेत्री जैक्लिन फर्नांडीज को लेकर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 12 दिसंबर के लिए टाल दी है। सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश हुई थी। वहीं, दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर जैक्लिन फर्नांडीज ने विदेश जाने की भी अनुमति मांगी है।

समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, सुनवाई के लिए अभिनेत्री जैक्लिन फर्नांडीज बृहस्पतिवार सुबह ही कोर्ट पहुंच गई थी। उनके साथ वकील भी मौजूद रहे। सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने अगली तारीख 12 दिसंबर तय कर दी। गौरतलब है कि महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैक्लिन फर्नांडीज का भी नाम आया है। आरोप है कि सुकेश चंद्रशेखर से अभिनेत्री ने कार-घर समेत अन्य महंगे गिफ्ट लिए हैं। दिल्ली पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। हालांकि, महंगी कारें अभिनेत्री जैक्लिन लौटा चुकी हैं। मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़े 200 करोड़ रुपये की ठगी मामले में जैक्लिन फर्नांडीज फिलहाल जमानत पर हैं। पिछले सप्ताह ही दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने जैक्लिन को 2 लाख रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही राशि की श्योरिटी बॉन्ड पर बेल का आदेश दिया था। जैक्लिन को कुल 4 लाख रुपए के बॉन्ड पर बेल मिली है। वहीं, जमानत मिलने के बावजूद जैक्लिन कोर्ट के आदेश पर ही विदेश जा सकेंगी। सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी अभिनेत्री जैक्लिन फर्नांडीज के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। ईडी ने अपनी चार्जशीट में अभिनेत्री को भी आरोपित बताया है। सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ रुपये की ठगी केस में अभिनेत्री जैक्लिन फर्नांडी के साथ नोरा फतेही से भी दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पूछताछ कर चुकी है।

नासा के ओरियन अंतरिक्ष यान ने करीब से की चंद्रमा की परिक्रमा

वाशिंगटन, 24 नवम्बर (ए)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के ओरियन अंतरिक्ष यान ने पहली बार चंद्रमा की सतह के 130 किलोमीटर के दायरे में परिक्रमा पूरी की। नासा के अनुसार, आर्टेमिस-1 मिशन के तहत ओरियन ने छठे दिन दूर स्थित प्रतिकूल कक्षा में प्रवेश के लिए जरूरी सहायक इंजन का इस्तेमाल करते हुए पहले मैनोवर (कलाबाजी) के साथ चौथे कक्षीय प्रक्षेप पथ को पूरा किया। आर्टेमिस-1 मिशन के प्रबंधक माइस सराफिन के अनुसार, हमने जैसी योजना की थी, मिशन उसी तरह आगे बढ़ रहा है। प्रणालियां, परिचालन टीम व ओरियन अंतरिक्ष यान अपेक्षा से बेहतर काम कर रहे हैं। हमें इस गहरे अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले यान से नई जानकारियां हासिल हो रही हैं।

ओरियन शुक्रवार को दूसरे मैनोवर के साथ चंद्रमा से दूर स्थित प्रतिकूल कक्ष में प्रवेश करेगा, जिसे डिस्टेंट रेट्रोग्रेड ऑर्बिट इंसर्शन बर्न कहा जाता है। यह एक उच्च स्थिर कक्ष है, जहां टिके रहने के लिए बहुत कम ईंधन की जरूरत होती है। इसमें पृथ्वी से बाहर के वातावरण में रहने की ओरियन की क्षमता का भी परीक्षण होगा। अपोलो-13 के रिकार्ड को पार करते हुए ओरियन 25 नवंबर को चंद्रमा से सबसे दूर बिंदु पर लगभग 92,194 किलोमीटर की यात्रा करेगा। आर्टेमिस-1 नासा के स्पेस लांच सिस्टम (एसएलएस) का पहला एकीकृत फ्लाइट टेस्ट है, जिसके जरिये मानवरहित अंतरिक्ष यान ओरियन को अंतरिक्ष में भेजा गया है।

किम की बहन का आपत्तिजनक बयान, दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति और उनकी सरकार को ''बेवकूफ'' और ''अमेरिका द्वारा डाली हड्डी खाने वाले जंगली कुत्ते'' बताया

प्योगयांग, 24 नवम्बर (ए)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे धमकियां दीं। यो जोंग ने दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति और उनकी सरकार को ''बेवकूफ'' और ''अमेरिका द्वारा डाली हड्डी खाने वाले जंगली कुत्ते'' बताया है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय के उत्तर कोरिया के हालिया मिसाइल परीक्षणों के मद्देनजर उस पर अतिरिक्त एकतरफा प्रतिबंध लगाने पर विचार करने संबंधी बयान देने के दो दिन बार यो जोंग ने यह टिप्पणी की है।मंत्रालय ने कहा था कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु परीक्षण जैसी उकसावे भरी कार्रवाई जारी रखता है, तो वह उसके कथित साइबर हमलों को लेकर भी प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगा। सरकारी मीडिया के अनुसार, किम यो जोंग ने कहा, ''मुझे आश्चर्य है कि अमेरिका की फेंकी हड्डी खाने वाला जंगली कुत्ता दक्षिण कोरियाई समूह बेशर्मी से उत्तर कोरिया पर कौन से प्रतिबंध लगाएगा। क्या तमाशा है।'' उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति यून सुक योल ''बेवकूफ'' हैं और उनकी सरकार भी ''बेवकूफों से भरी है, जो क्षेत्र में एक खतरानक स्थिति पैदा कर रही है।'' यो जोंग ने कहा कि जब यून के पूर्ववर्ती मून जे-इन सत्ता में थे, जिन्होंने उत्तर कोरिया के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश की थी, तब दक्षिण कोरिया ''हमारे निशाने पर नहीं था।'' दक्षिण कोरिया में यून विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने के संभावित प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। दक्षिण कोरिया ने पिछले महीने उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों व मिसाइल कार्यक्रमों को अवैध रूप से वित्तीय मदद मुहैया कराने के संदेह में उत्तर कोरिया के 15 लोगों और 16 संगठनों पर प्रतिबंध लगाए थे। पिछले पांच साल में दक्षिण कोरिया द्वारा उत्तर कोरिया पर लगाया गया यह पहला एकतरफा प्रतिबंध था। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि ये एक प्रतीकात्मक कदम है, क्योंकि दोनों देशों के बीच वित्तीय लेन-देन बेहद कम है।

गेहूं की बढ़ती कीमत ने बिगाड़ दिया है बजट

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (ए)। गेहूं की कीमत में हाल के दिनों में तेजी से बढ़ी है। लेकिन सरकार ने बुधवार को कहा कि गेहूं की कीमतों पर उसकी नजर है और यदि खुदरा बाजार में इसके दाम में असामान्य उछाल देखने को मिलता है, तो उस पर अंकुश के लिए कदम उठाए जाएंगे। निर्यात प्रतिबंध के बावजूद गेहूं की कीमतों में बढ़ोतरी पर चिंता के बीच केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि गेहूं और चावल के स्टॉक की स्थिति सहज है और सरकार की बफर आवश्यकताओं से काफी ऊपर है। उन्होंने कहा कि चावल की कीमतें स्थिर हैं। मई में गेहूं पर प्रतिबंध लगाने के बाद खुदरा में गेहूं की कीमतों में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और अगर हम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को ध्यान में रखते हैं, तो मूल्य वृद्धि 4-5 प्रतिशत है। मई में, सरकार ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। घरेलू उत्पादन में गिरावट और निजी पक्षों द्वारा आक्रामक खरीद के कारण वित्तपन वर्ष 2022-23 में सरकार की गेहूं खरीद 434.44 लाख टन से गिरकर 187.92 लाख टन रह गई। यह पूछे जाने पर कि क्या मंत्रालय गेहूं की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए स्टॉक भंडारण सीमा और खुले बाजार में बिक्री योजना जैसे किसी और कदम पर विचार कर रहा है, चोपड़ा ने कहा, अभी जो स्थिति है, उसके अलावा किसी अन्य उपाय की जरूरत नहीं है। कीमतों में यदि असामान्य वृद्धि हुई, तो जाहिर है, हम कदम उठाएंगे।' सितंबर में, कुछ पूर्वी राज्यों में बेमौसम बारिश और कम मानसून के मद्देनजर चावल के उत्पादन में अनुमानित गिरावट के कारण सरकार ने टूटे चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। सचिव ने बताया कि एक अंतर-मंत्रालयी समिति साप्ताहिक आधार पर आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की निगरानी कर रही है। खाद्य तेल पर चोपड़ा ने कहा कि खाद्य तेलों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट का रुख है और इसलिए घरेलू खुदरा दरों में और कमी आने की संभावना है। यह पूछे जाने पर कि क्या मुफ्त राशन योजना पीएमजीकेएवाई को दिसंबर से आगे बढ़ाया जाएगा, सचिव ने कहा कि सरकार उचित समय पर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि यदि योजना को बढ़ाया जाता है, तो मांग को पूरा करने के लिए सरकार के पास पर्याप्त स्टॉक है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के प्रबंध निदेशक, अशोक केके मीणा ने कहा कि सरकार नियमित रूप से आवश्यक वस्तुओं के मूल्य परिदृश्य की निगरानी कर रही है और आवश्यकतानुसार प्रभावी उपाय कर रही है।